<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार थमा। प्रदेश की दस संसदीय सीटों पर मतदान कल।
- प्रदेश में चुनाव प्रचार ने और पकड़ी रफ्तार। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में किया रोड–शो। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आगरा में किया प्रचार।
- छठें चरण के चुनाव के लिये आज नामांकन करने की आखिरी तारीख। कल से सातवें चरण के लिये शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया।
- सीआईएससीई की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज होगा घोषित।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अन्तर्गत प्रदेश की दस संसदीय सीटों पर कल शाम चुनाव प्रचार थम गया। इस चरण में–संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में कल सात मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक इस चरण में कुल सौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक तेरह प्रत्याशी बरेली और सबसे कम सात प्रत्याशी फिरोजाबाद में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कल भाजपा, बसपा और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जमकर प्रचार किया।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों तथा मतदेय स्थलों पर मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिये जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिये पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के मद्देनजर मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी। तीसरे चरण की सीटों पर चुनाव लड़ने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में प्रदेश सरकार के दो मंत्री और भाजपा प्रत्याशी मैनपुरी से पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और हाथरस सुरक्षित सीट से अनूप वाल्मीकि है, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव मैनपुरी से सपा की उम्मीदवार हैं।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे से लेकर बाकी बचे चरणों के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम अयोध्या में मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ के साथ एक मेगा रोड शो किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। सुग्रीव किला इलाके से रोड शो शुरू करने से पहले उन्होंने रामलला का दर्शन–पूजन किया। श्री मोदी के आगमन से पहले पूरे रामजन्मभूमि परिसर को सजाया गया था। रोड–शो में पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़कों के दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे।

इससे पहले कल दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटावा जिले में एक राजनीतिक रैली में कोविड मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने कोविड काल के दौरान लोगों को भड़काने और झूठ फैलाने की कोशिश की, जबकि उनकी सरकार और वैज्ञानिक प्रत्येक जीवन को बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। इटावा समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का गृहनगर है और प्रधानमंत्री ने यहां भाई–भतीजावाद का मुद्दा उठाया और कहा कि कुछ परिवार सोचते हैं कि कुछ क्षेत्र उनकी निजी संपत्ति हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं होने जा रहा है। श्री मोदी ने सीतापुर में भी राजनीतिक रैली के दौरान विपक्षी दलों पर निशाना साधा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हरदोई में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को पूरा करने में उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक योगदान होगा। उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल बदायूं जिले में रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी का प्रचार किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल आगरा में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा की झूठी सरकार को जनता के सच्चे सवालों का सामना करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में समन्वयकों की बैठक

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज होती जा रहे हैं। दो चरणों का मतदान सम्पन्न होने तथा तीसरे चरण का प्रचार थमने के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं ने बाकी चरणों के लिये पूरी ताकत झोंक दी है। पेश है आज विभिन्न पार्टियों की होने वाली राजनीतिक गतिविधियों पर हमारे आकाशवाणी संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज रायबरेली में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी जहां से उनके भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्नाव, हरदोई और शाहजहाँपुर जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव प्रचार के लिए पूरा दिन कन्नौज में बिताएंगे जहां से वह खुद उम्मीदवार हैं और भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं बाकी चरणों के चुनाव के लिए कई उम्मीदवार आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। श्रावस्ती सीट से बीजेपी प्रत्याशी साकेत मिश्रा भी अपना नामांकन आज दाखिल करेंगे।***

**********

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की चौदह संसदीय सीटों के लिये दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के बाद आज नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इन सीटों पर कुल दो सौ छियान्नबे प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लखनऊ लोकसभा सीट से सबसे अधिक इक्तालिस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इस चरण में प्रमुख प्रत्याशियों में लखनऊ से भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मोहनलालगंज से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर सिंह, कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की किस्मत दांव पर होगी। पांचवें चरण की चौदह संसदीय सीटों पर बीस मई को मतदान होगा।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में चौदह संसदीय सीटों पर उनतीस अप्रैल से जारी नामांकन प्रक्रिया की आज अंतिम तारीख है। छठवें चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। इन सीटों पर आज तक दाखिल होने वाले नामांकन पत्रों की जांच कल सात मई को होगी। जबकि नौ मई को दोपहर बाद तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान की अधिसूचना कल सात मई को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सातवे चरण के नामांकन के लिए संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस चरण में तेरह सीटों के लिए नामांकन चौदह मई तक दाखिल किये जा सकेंगे। पन्द्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि सत्रह मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए एक जून को मतदान होगा।

**********

काउंसिल फॉर इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन, सीआईएससीई आज पूर्वाहन कक्षा दस और बारह के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, करियर पोर्टल और डिजी लॉकर पर उपलब्ध रहेंगे। सीआईएससीई ने इस सत्र से कक्षा दस और बारह के लिये कम्पार्टमेंट परीक्षा बन्द करने का भी निर्णय लिया है।

**********

संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मझौरा के नकहा टोला में कल कुआनों नदी में एक छोटी नाव के डूब जाने से एक बुजुर्ग और दो बच्चों की मौत हो गयी। ये तीनों कुआनों नदी के तट पर भैंस चरा रहे थे। भैंसे नदी में घुसकर उस पार चली गयीं और उन्हें वापस लाने के लिये नाव से जाते वक्त यह हादसा हो गया।

**********

इस्कॉन इण्डिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का कल देहरादून में निधन हो गया। आज उनके पार्थिव शरीर को वृन्दावन में समाधि दी जायेगी। गोपाल कृष्ण गोस्वामी के निधन से इस्कॉन से जुड़े भक्तों ने शोक की लहर है।

**********